# झारखण्ड सरकार
## खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय,
## तृतीय तल, JSFC भवन, कडरू, रांची।

पत्रांक–खा0उप0नि0–01–नमक–13/2026 - 1390 रांची, दिनांक– 11.08.2026

## आदेश

खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा मुख्यमंत्री नमक वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–2026 चतुर्थ तिमाही माह जनवरी, 2026 से मार्च, 2026 की अवधि के लिये फ्री फ्लो रिफाईन्ड आयोडीनयुक्त नमक की आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्त्ता के चयन के लिए निविदा सं0–298 दिनांक–16.02.2026 एवं **Gem/2026/B/7244866** दिनांक–16.02.2026 प्रकाशित किया गया।

विभिन्न स्रोतों से वित्तीय वर्ष 2025–26 के चतुर्थ तिमाही की अवधि में नमक आपूर्ति हेतु प्राप्त L-1 दर अपेक्षाकृत अधिक होने की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप विभागीय पत्रांक–1750 दिनांक–06.07.2026 द्वारा क्रय समिति/निविदा मूल्यांाकन समिति द्वारा अनुशंसित L-1 निविदादाता से प्राप्त दर एवं केन्द्रीय भण्डार नई दिल्ली से मनोनयन के आधार पर नमक आपूर्ति हेतु प्राप्त दर की जाँच करने हेतु त्रिसदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गया।

जाँच समिति द्वारा समर्पित कार्यवाही में पश्चिमी देशों के बीच युद्ध की स्थिति, वैश्विक स्तर पर फैली अनियमितता के कारण पैकेजिंग की बढ़ती लागत, ईंधन, परिवहन मूल्य में वृद्धि के फलस्वरूप नमक आपूर्तिकर्त्ता के द्वारा निविदित दर अधिक होने का उल्लेख किया गया है। जाँच प्रतिवेदन में वर्त्तमान में वैश्विक स्थिति अपेक्षाकृत सामान्य होने एवं बाजार मे स्थिरता आने का उल्लेख करते हुए वित्तीय वर्ष 2025–2026 चतुर्थ तिमाही माह जनवरी, 2026 से मार्च, 2026 की अवधि के लिये नमक आपूर्ति हेतु किये गये निविदा को रद्द करने की अनुशंसा की गई है।

उक्त आलोक में विभागीय पत्रांक–2212 दिनांक–10.08.2026 द्वारा मुख्यमंत्री नमक वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–2026 के चतुर्थ तिमाही माह जनवरी, 2026 से मार्च, 2026 में फ्री फ्लो रिफाईन्ड आयोडीनयुक्त नमक की आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्त्ता के चयन के लिए निर्गत निविदा सं0–298 दिनांक–16.02.2026 एवं **Gem/2026/B/7244866** दिनांक–16.02.2026 को रद्द करने की कार्रवाई संबंधी निदेश प्राप्त है।

2. उक्त विभागीय निदेश के आलोक में मुख्यमंत्री नमक वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–2026 चतुर्थ तिमाही माह जनवरी, 2026 से मार्च, 2026 से संबंधित प्रकाशित निविदा को रद्द की जाती है।

11/08/2026

**(जेसी विनीता केरकेट्टा)**
उप सचिव।

ज्ञापांक–खा0उप0नि0–01/नमक–13/2026 - 1390 रांची, दिनांक– 11.08.26

प्रतिलिपि–सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, रांची को सादर सूचनार्थ समर्पित।

11/08/2026